नवभारत न्यूज

कातिल चायनीज मांझे में उलझे दो युवा, हुए लहूलुहान

एक की कटी गर्दन, दूसरे के कान से लेकर आंख तक गहरे घाव, दहशत में लोग

अशोकनगर। महानगरों की तरह शहर में भी चायनीज मांझे का कहर देखने को मिला है। जिसके चलते इस कातिल मांझे की चपेट में आने से दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें एक युवक एक की गर्दन कट गई, तो वहीं दूसरे युवक के कान से लेकर आंख तक गहरे घाव हो गये है। जिन्हें वहां से गुजर रहे लोगों ने उपचार के लिए जिलाअस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं चायनीज मांझा का कहर सामने आने के बाद शहरवासी दहशत में आ गए और इसका क्रय-विक्रय करने वालों पर सख्त कार्रवाई की बात कहते नजर आए। तो वहीं चायनीज मांझा की घटना सामने आने के बाद जिला प्रशासन एवं पुलिस हरकत में आई और आनन-फानन में पतंग का विक्रेताओं के यह दस्तक देते हुए मांझे को लेकर पड़ताल की गई।

दरअसल गुरूवार की दोपहर बड़े ओवर ब्रिज से गुजर रहे दो लोग चायनीज मांझा के उलझकर लहूलुहान हो गये, जिसे वहां से गुजर रहे लोगों ने देखते ही समझ लिया और उन्हें आनन-फानन में उपचार के लिए जिलाअस्पताल लाए। जहां गंभीर होने पर एक युवक को प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रैफर किया गया है। यहां गौर करने वाली बात ये है कि कलेक्टर द्वारा चायनीज मांझा के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके बाद भी जिले में चायनीज मांझा जिले में आकाश में उड़ता हुआ नजर आ रहा है। जो जिला प्रशासन एवं पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया-निशान खड़े करता है।

हादसे के बाद हरकत में आया पुलिस प्रशासन, चार पर कार्रवाई

गुरूवार को शहर में चायनीज मांझा का कहर सामने आने के बाद जहां लोग दहशत में आ गए, तो वहीं पुलिस प्रशासन भी हरकत में आया और शहर की पतंग दुकानों की चैकिंग की गई। तो वहीं जिला प्रशासन द्वारा कातिल मांझे के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए एनाउंसमेंट भी शुरू करवाया गया, जिसके बाद प्रचार गाड़ी ने हर गली, मोहल्ले एवं चौक-चौराहों पर चायनीज मांझे खतरे और इसका क्रय-विक्रय करने पर कड़ी कार्रवाई की बात कहीं। तो वहीं पुलिस व प्रशासन की टीम द्वारा शहर के चार पतंग दुकानों की जांच की गई, जहां से चायनीज मांझे की तरह मिले मांझा और पॉलीथिन की पतंगो को जब्त किया गया है।

एक की कटी गर्दन, दूसरे का आए 20 टांके:

दरअसल बड़े ओवर ब्रिज शंकर कालोनी निवासी नरेश पुत्र जगन्नाथ अहिरवार नया बस स्टेण्ड से सेन चौराहे की ओर जा रहा थे, तो वहीं खड़ीचरा चक्का निवासी संजय अहिरवार भौरा गांव से अशोकनगर होते हुए अपने घर जा रहे थे। इसी बीच चायनीज मांजे की चपेट में आ गए। जिससे संजय की गर्दन कट गई, तो वहीं नरेश के कान से लेकर आंख तक गहरा घाव हो गया। वहीं इनके साथ बैठक अन्य युवक बिट्टू चायनीज मांझा की जद में आते आते बच गया। चायनीज मांझा से लहूलुहान हुए युवको को वहा से गुजर रहे मीनू यादव ने देख लिया और उन्हें अपनी मोटर साईकिल से उपचार के जिलाअस्पताल लाए और उन्हें उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां नरेश को कान से लेकर आंख तक गहरे घाव होने के कारण करीब 26 टाके लगाए गए है। तो वहीं संजय की गर्दन कट जाने से उसे उच्च उपचार के लिए भोपाल रैफर किया है।

इनका कहना है।

शहर की चार दुकानों पर चायनीज मांझा को लेकर जांच की है, जहां से चायनीज मांझे की तरह दिखने वाले मांझा मिला है, जिसे पुलिस ने जब्त किया गया है। साथ ही पॉलीथिन से बनी पतंगो भी पुलिस द्वारा जब्त किया गया है।

शुभ्रता त्रिपाठी,
एसडीएम अशोकनगर।

SIR सर्वे में लगे BLO को आया हार्ट अटैक, भोपाल रैफर

नवभारत न्यूज

मुंगावली। मध्यप्रदेश में जारी SIR सर्वे के तहत निर्वाचन कार्य में लगे बूथ लेवल अधिकारी (BLO) मनोज सेन को ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक आ गया। घटना गुरुवार दोपहर लगभग 12:30 बजे की है, जब वे मतदान केंद्र क्रमांक 142, मल्हारगढ़ रोड क्षेत्र में मतदाताओं से फॉर्म संशोधन हेतु दस्तावेज एकत्र कर रहे थे। अचानक सीने में तेज दर्द की शिकायत के बाद उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल मुंगावली लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए भोपाल रेफर कर दिया। ज्ञात हो कि मनोज सेन मतदान केंद्र क्रमांक 142 पर बीएलओ के रूप में पदस्थ हैं। यह मतदान केंद्र मुंगावली नगर के बाह्य विस्तार क्षेत्र को मिलाकर बनाया गया है, जिसमें बहादुरपुर रोड, डिपो, पिपरई रोड एवं मल्हारगढ़ रोड का क्षेत्र शामिल है। यह मतदान केंद्र लगभग 7 किलोमीटर के विस्तृत क्षेत्र में फैला हुआ है तथा यहां करीब 1325 मतदाता पंजीकृत हैं। मनोज सेन पूर्व में अपने पदस्थ गांव में बीएलओ के रूप में कार्यरत थे, लेकिन नए नियमों के तहत SIR सर्वे से पहले उन्हें मुंगावली नगरीय क्षेत्र के बूथ क्रमांक 142 पर नियुक्त किया गया, जो उनके लिए पूर्णतः नया और अपरिचित क्षेत्र था। इस कारण वे पहले से ही मानसिक दबाव में थे उन्होंने पूर्व निर्देशों के अनुसार सभी कार्य पूर्ण कर लिए थे, लेकिन आए दिन नए दिशा-निर्देश, मतदाता सूची में नाम जोड़ने-घटाने व संशोधन के आदेश मिलने से वे अत्यधिक मानसिक तनाव में आ गए थे। गुरुवार को मल्हारगढ़ रोड क्षेत्र में फॉर्म संशोधन के लिए मतदाताओं से कागजात लेते समय अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और हार्ट अटैक आ गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने पुष्टि करते हुए भोपाल रेफर करने की सलाह दी। वहीं SIR सर्वे कार्य के दौरान BLO को आए अटैक के सबंध में मुंगावली एसडीएम इसरार खान से जानना चाहा तो उन्होंने फोन ही रिसीव नहीं किया।

तनाव में हैं कर्मचारी

इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जिला अशोकनगर के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि SIR सर्वे में लगे सभी बीएलओ और सुपरवाइजर भारी मानसिक तनाव में कार्य कर रहे हैं। अधिकांश कर्मचारियों को ऑनलाइन कार्य का समुचित प्रशिक्षण नहीं दिया गया है, इसके बावजूद समय सीमा में कार्य पूर्ण करने का दबाव अधिकारियों द्वारा लगातार बनाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इसी तरह काम का दबाव बना रहा तो भविष्य में अन्य कर्मचारी भी इस प्रकार की गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार हो सकते हैं। संघ ने प्रशासन से मांग की है कि कर्मचारियों पर अनावश्यक दबाव न बनाया जाए, उन्हें उचित प्रशिक्षण और पर्याप्त समय दिया जाए ताकि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

एक नजर में

26 जनवरी गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर शाढ़ौरा में बैठक संपन्न

नवभारत शाढ़ौरा। आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शाढ़ौरा में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार आलोक श्रीवास्तव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। तहसीलदार श्री श्रीवास्तव ने सभी स्कूल संचालकों से रंगमंचीय कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विद्यालय अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करें, ताकि गणतंत्र दिवस समारोह गरिमामय एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। बैठक में कार्यक्रमों की रूपरेखा, मंच व्यवस्था, अनुशासन एवं समन्वय जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में भाजपा वरिष्ठ नेता सीताराम काकाजी, नगर परिषद अध्यक्ष अशोक माहौर, सीएमओ प्रभारी अशोक वर्मा, विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह रघुवंशी, पार्षद रेखा नामदेव, देवेंद्र रघुवंशी सहित सभी विद्यालयों के शिक्षक, वरिष्ठ नागरिक एवं पत्रकारगण उपस्थित रहे।

इलाज कराने आई मां से बिछड़ी चार वर्षीय बालिका, चीता पुलिस ने मिलाया

नवभारत अशोकनगर। चीता पुलिस ने अपनी त्वरित कार्यवाही से एक 4 वर्षीय बालिका को उसके परिजनो से सकुशल मिलाया। इस त्वरित कार्रवाई को देखकर पुलिस चाहूओर भूरी-भूरी प्रशंसा हो रहीं है। दरअसल गुरूवार को जिला अस्पताल में उपचार हेतु आई एक महिला की 4 वर्षीया बालिका अचानक उससे बिछड़ गई। बालिका के गुम होने की सूचना मिलते ही थाना कोतवाली द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्यवाही प्रारंभ की गई। पुलिस द्वारा बिना समय गंवाए चीता मोबाइल-02 को सक्रिय कर जिला अस्पताल परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन तलाश की गई। पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कुशल कार्यप्रणाली के परिणामस्वरूप अल्प समय में बालिका को सकुशल दस्तयाब कर लिया गया। तत्पश्चात आवश्यक पूछताछ एवं पहचान सुनिश्चित करने के उपरांत बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों को सौंपा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, आरक्षक मुनेश सिंह रघुवंशी एवं आरक्षक भारत लोधी की सराहनीय भूमिका रही।

यातायात पुलिस ने वाहनों पर लगाए रेडियम रिफ्लेक्टर

नवभारत अशोकनगर। राष्ट्रीय सडक सुरक्षा माह कें अंतर्गत जिले के विभिन्न थानों द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर वाहनों में रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे है। तो वहीं लोगों को यातायात नियमों को प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरूवार को जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सडक दुघर्टनाओं को कम करने एवं यातायात जागरूकता संबंधी चलाई जा रही विभिन्न योजनायें जैसे राहवीर योजना, कैशलेश योजना एंव हिट एण्ड रन योजना में मृत्यु गंभीर घायलों को सहायता राशि मिलने संबंधी जानकारी दी गई तथा यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया। वहीं दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन व्यक्ति न बैठाना व चार पहिया वाहन चलाते समय शीट बेल्ट अवश्य पहनने एंव नशे की हालत में वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय गति सीमा उल्लंघन न करे सहित अन्य वातों के प्रति जागरूक किया। साथ ही सभी आने जाने वाले वाहनों जैसे ट्रेक्टर-ट्रॉली, ट्रक, कार, व डंपर व अन्य वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए गए।

बहादुर की बस्ती में निकली है हाईटेंशन लाइन

बना रहता है डर, आधा सैकड़ा से ज्यादा घर जद में, हटाने पर विचार करे कंपनी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। बहादुरपुर कस्बे की बस्ती के एक बड़े हिस्से में से करीब चालीस वर्ष पुरानी ग्यारह केवी की हाई टेंशन लाइन निकली है। इस लाइन की जद में आधा सैकड़ा से ज्यादा घर हैं, इन घरों में रहने वाले लोगों को हादसे का भय सताता है। इनका कहना है कि उन्होंने कई बार इसे हटवाने के लिए आवेदन दिए हैं लेकिन स्थानीय कार्यालय में उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

बताया गया है कि स्थानीय सब स्टेशन से ग्यारह केवी की एक हाई टेंशन लाइन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास से होती हुई बस्ती में से निकलकर ग्रामीण फीडर के गांवों में गई है। इस लाइन के नीचे बबलू प्रजापति, शिवचरण वाल्मीकि, कंछेदी पाल, देवेंद्र पाल, शांति बाई वशिष्ठ, अंसार खान, दिमान सिंह गुर्जर, सत्यनारायण शर्मा, कैलाश नारायण पाठक, कृष्ण मुरारी शर्मा और चंदू पंथी के मकान बने हुए

हैं। आसपास घनी बस्ती है, जिन लोगों के मकान लाइन के नीचे बने हैं, उन्हें सबसे ज्यादा खतरा है। कृष्ण मुरारी शर्मा एक बार इस लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस चुके हैं। इस घटना के बाद भी कंपनी इस लाइन को हटाने के लिए गंभीर नहीं हुई।

घर में जगह की कमी, दो मंजिल नहीं बना पा रहे:

लाइन के नीचे बने कई घरों में जगह की कमी है, इनके मालिकों को दो मंजिल मकान बनाने की जरूरत महसूस होती है लेकिन लाइन छत से कुछ ऊंचाई पर है, इस कारण दूसरी मंजिल बनाने की सोच भी नहीं पाते। शांति बाई बताती हैं कि कुछ दिनों पहले उन्होंने दो पक्के कमरे बनवाए हैं। इन कमरों की तलाई करते वक्त हमेशा करंट लगने का भय सताता रहा। छत का ज्यादा उपयोग भी नहीं हो पाता। इसी तरह बबलू प्रजापति ने बताया कि पहले लाइन उनके घर से नहीं थी, करीब पन्द्रह वर्ष पहले तात्कालीन कंपनी अधिकारी ने कुछ महीनों के लिए खंभा लगाने की बोलकर लाइन खड़ी कर दी। अब कोई सुनने तैयार नहीं है।

छज्जे निकाल कर सर्विस लाइन को भी बनाया खतरा:

कस्बे की अंदरूनी गलियों में लोगों ने अपने मकानों के छज्जे बाहर की ओर कहीं कहीं तीन फिट तक निकाल लिए हैं। कुछ जगह खंभे भी छज्जों के अंदर कर लिए। अब यह सर्विस लाइन भी खतरे का सबब बन गई है। कायदे से कंपनी को इन छज्जों को अवैध बताते हुए कार्रवाई करना चाहिए किंतु यहां हादसे का इंतजार किया जा रहा है।

इनका कहना है।

हम अपनी तकनीकी टीम से हाई टेंशन लाइन का सर्वेक्षण करा लेते हैं, फिर योजना बनाएंगे कि इसे किस तरह से हटाया जाए।

विपिन श्रीवास्तव, उप महा प्रबंधक,
बिजली कंपनी मुंगावली।

दो शिक्षक, सचिव और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका को नोटिस जारी

आंगनवाड़ी व स्कूल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

बच्चे न मिलने व अनुपस्थिती पर थमाए नोटिस

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। गुरूवार को कलेक्टर आदित्य सिंह ने भ्रमण के दौरान तहसील ईसागढ़ क्षेत्र के ग्राम भैलवासा के शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शिक्षकों को निर्देशित किया कि शाला में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि बच्चों को मिलने वाला मध्यान्ह भोजन बच्चों को समय पर वितरण हो इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न की जाए। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित शिक्षक चन्द्र पाल सिंह यादव एवं चन्द्रशेखर दिवाकर को कारण बताओं नोटिस दिए जाने के निर्देश दिए। तो वहीं आंगनबाड़ी केंद्र भैलवासा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी में कोई बच्चा उपस्थित नहीं मिला। आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों की अनुपस्थित मिलने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी शर्मा एवं सहायिका कलिया नामदेव को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत भैलवासा के पंचायत भवन का निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिले सचिव कमल सिंह लोधी को नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर ने किया अस्पताल, छात्रावास का निरीक्षण

व्यवस्था सुधारने के दिए निर्देश

कमियां मिलने छात्रावास अधीक्षकों को नोटिस जारी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। कलेक्टर आदित्य सिंह ने गुरूवार को ईसागढ़ में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और छात्रावासो का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं में सुधार हेतु निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र क निरीक्षणकरते हुए स्वास्थ्य व्यावस्थाओं को देखा तथा कमियां मिलने उन्हें पूर्ण करने के निर्देश बीएमओ को दिए। साथ ही एनआरसी वार्ड के विस्तरीकरण

के संबंध में बीएमओ से चर्चा कर आवश्यक कार्य करने की बात कहीं।

दो अधीक्षकों को दिए नोटिस:

कलेक्टर आदित्य सिंह ईसागढ़ मुख्यालय पर जनजातीय कार्य विभाग एवं पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित अनुसूचित जाति बालक सीनियर छात्रावास, विमुक्त जाति बालक छात्रावास, बालक उत्कृष्ट सीनियर अनुसूचित जाति छात्रावास, आदिवासी जनजाति बालक सीनियर छात्रावास एवं बालिका अनुसूचित जाति छात्रावास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए छात्रावासों में निवासरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए खिड़की दरवाजे दुरुस्त रखें जाने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावासों में पर्याप्त साफ सफाई, शुद्ध पेयजल, बिजली, मीनू अनुसार खाना, नाश्ता,लाइब्रेरी की सुविधा सहित अन्य मूलभूत सुविधा के संबंध में जानकारी ली। छात्रावास अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये जाने के दिए निर्देश गए है। वहीं निरीक्षण के दौरान छात्रावासों में अनियमितता मिलने पर शासकीय आदिवासी जनजाति बालक सीनियर छात्रावास के अधीक्षक बालकृष्ण खण्डेले, शासकीय बालक उत्कृष्ट सीरियर अनुसूचित जाति छात्रावास के अधीक्षक आत्माराम दुबे को कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए।

धर्म-कर्म

मकर संक्राति पर सिद्ध स्थल आमखो पर शंख ध्वनि से किया मोक्ष संयासयोग का पाठ

स्नान कर सूर्य को दिया अर्घ्य, ग्रामों को तीर्थ बनाने का दिलाया संकल्प

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था श्री युगल सरकार श्रीमद्भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर के सदस्यों ने ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश के ग्राम विकास पखवाड़ा अन्तर्गत एवं मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सिद्ध स्थल पंचमुखी हनुमान जी मंदिर आमखो धाम पर नदी में पर्व की डुबकी लगाते हुए शंख ध्वनि के साथ गीता के भक्तियोग के पाठ के साथ भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य दिया।

देव दर्शन पश्चात गीता जी के 18वे अध्याय मोक्षसंन्यासयोग का सामूहिक स्वाध्याय किया गया। इस अध्याय में श्रीकृष्ण

अर्जुन को उपदेश देते हुए कह रहे हैं कि मनुष्य को बहुत देख भालकर चलना आवश्यक है जिससे वह अपनी बुद्धि और धृति को बुराई से बचा सके और कर्त्तव्य व अकर्त्तव्य , धर्म और अधर्म को, बंधन और मोक्ष को, प्रवृत्ति और निवृत्ति को जो बुद्धि ठीक से पहचनाती है, वही सात्विकी बुद्धि है और वही मानव की सच्ची उपलब्धि है। इस अवसर पर बलवीर सिंह रांवसर ने कहा मकर संक्रांति का पर्व जीवन में नवीनता लाने का अवसर होता है। हमारे पर्व हमें सद्कर्म करने की प्रेरणा देते हैं इसलिए हमें हमारी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखना है तभी हमारी गौरवशाली विरासत सुरक्षित रह सकेगी। हमारा कर्तव्य है कि हम अपने नदियों के जल को स्वच्छ रखें उसे प्रदूषण से बचाएं। वहीं गीतावृति रामबली यादव ने गीता स्वाध्याय के माध्यम से कहा कि जिस प्रकार से हम तीर्थों को साफ स्वच्छ सुंदर बनाते हैं उसी प्रकार से अपने गांवों को साफ स्वच्छ करके तीर्थ जैसा बनाएं। पशुओं को पानी पीने हेतु अपने अपने ग्राम में जगह जगह सीमेंट की टंकी रखें जिससे कोई बेसहारा पशु प्यासा न रहे। यही सच्चा धर्म होगा, हम भूखे को भोजन दें, वस्त्रहीन को वस्त्र दें, जरूरतमंद एवं पात्र लोगों को मदद करने से ईश्वर प्रसन्न होते है इसलिए सदा परहित, परोपकार के कार्यों में लगना चाहिए। बुरे कार्य जैसे ताश के पत्ते खेलना, मादक पदार्थों के सेवन जो शरीर के साथ ही मानसिक और आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं उनसे दूर रहें। जीवन को पूर्ण सात्विकता के साथ जीएं। गीता स्वाध्याय के माध्यम से अपने ग्राम को ही तीर्थ बनाने का सार्थक विचार विमर्श किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ गायत्री परिजन रमेशचंद्र शर्मा, अमर सिंह रघुवंशी, भैयालाल यादव, लालाराम यादव, रघुराजसिंह डोंगर सहित गीताप्रेमी उपस्थित रहे।

पुलिया से टकराई कार, एक की मौत

घटनास्थल पर 60-70 फिट दूर जाकर पलटी

कार में सवार दो अन्य लोग भी गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

शाढ़ौरा। शाढ़ौरा थाना क्षेत्र में नईसराय रोड पर बुधवार देर रात करीब 11 बजे एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें 25 वर्षीय विष्णु रघुवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार पुलिया से टकराकर लगभग 60-70 फीट दूर जाकर पलट गई। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कार के पहिए का कवर निकलकर पास के एक पेड़ पर लटक गया। मृतक विष्णु रघुवंशी का सिर फट गया और दिमाग निकलकर दूर जा गिरा, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य दो युवक मदन प्रजापति और प्रवेंद्र रघुवंशी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल शाढ़ौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, तीनों युवक मक्का की ट्राली मंडी में लगाने के बाद खाना खाकर अपने गांव बरखेड़ा लौट रहे थे। हादसे का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और पुलिया पर नियंत्रण खोने की आशंका जताई जा रही है। शाढ़ौरा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को कब्जे में ले लिया है और हादसे की जांच शुरू कर दी है। इस घटना से क्षेत्र में शोक की लहर है। वहीं पुलिस द्वारा गुरूवार सुबह पीएम कराया गया। तो वही मर्गकायम करते हुए जांच में लिया है।